हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 14 मार्च 2026, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार देश में किसानों के कल्याण और उनकी आय में वृद्धि को प्राथमिकता देने के साथ ही कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

असम के गुवाहाटी में एक जनसभा में देश के नौ करोड 32 लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के 18 हजार 640 करोड़ रुपये जारी करने के बाद श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने किसानों की आय बढाने के लिए कई कदम उठाए हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत देश के साथ-साथ दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने केंद्र में कांग्रेस के 10 साल के शासन के दौरान कृषि क्षेत्र को नजरअंदाज करने के लिए उसकी आलोचना की।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त के तहत हरियाणा के 15 लाख 86 हजार किसानों के खातों में 328 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम के उपरांत यह जानकारी दी।हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा भी उपस्थित रहे।

मीडियाकर्मियों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने किस्त जारी करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह वित्तीय सहायता देश के किसानों को दिए गए भरोसे का प्रमाण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं का केंद्र बिंदु है। प्रधानमंत्री ने पिछले एक दशक में किसानों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया है। उन्होंने बताया कि 22 वीं किस्त को मिलाकर हरियाणा में किसानों को कुल 7 हजार 562 करोड़ रूपये की राशि जारी हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों को सम्मान निधि देने के साथ साथ खाद पर भी सब्सिडी उपलब्ध करवा रहे है। उन्होंने कहा कि चाहे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हो, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कुसुम योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का काम हो, प्रधानमंत्री निरंतर किसानों को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं।

****

हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में गेहूं की सरकारी खरीद आगामी पहली अप्रैल से आरंभ होगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि गेहूं की खरीद के लिए राज्य में 416 मंडियां बनाई गई हैं। खरीद, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड, हरियाणा गोदाम निगम तथा खाद्य निगम द्वारा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खाद्यानों की खरीद प्रक्रिया को अधिक बेहतर बनाने के लिए ई-खरीद पोर्टल को अपग्रेड किया गया है ।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने बताया कि मंडियों में किसान द्वारा गेहूं लाने के लिए प्रयोग किये जाने वाले वाहन का आवक गेट पर रजिस्ट्रेशन नंबर के साथ फोटो लिया जाएगा। वाहनों के बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के आवक गेट पास जारी नहीं किया जाएगा।उन्होंने

कहा कि मंडियों को जियो फैंस किया गया है जिसके अंतर्गत खरीद प्रक्रिया के सभी चरण जैसे कि आवक गेट पास, बोली, आई - फार्म, इत्यादि मंडी में ही जारी होंगे।

****
****

पानीपत में हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने बॉलीवुड रैपर-सिंगर बादशाह के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उसका पासपोर्ट जब्त करने के आदेश दिए हैं। साथ ही उसकी तुरंत गिरफ्तारी की मांग की गई है। यह कार्रवाई उनके नए हरियाणवी गाने 'टटिहरी' में कथित आपत्तिजनक और अश्लील बोलों तथा वीडियो को लेकर उठे विवाद के चलते हुई है।

बादशाह ने कल 3 बजे आयोग के सामने पेश होना था, लेकिन वे व्यक्तिगत रूप से पेश नहीं हुए। उनकी ओर से तीन सदस्यीय कानूनी टीम मौजूद रही, जिन्होंने समय मांगने का हवाला दिया।

श्रीमती रेनू भाटिया ने इसे बेटियों का अपमान करार देते हुए कहा, "आयोग के सामने न आना हरियाणा की बेटियों का अपमान है। बादशाह को माफी मांगनी होगी, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी।

****
****

फरीदाबाद के तिगांव ब्लॉक के गांव मंधावली में जल महोत्सव पखवाड़ा के तहत “जल अर्पण” कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई और जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित लोगों को वर्षा जल संचयन, जल की बर्बादी रोकने और सुरक्षित पेयजल के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।